Registration No.: F - 833 (MUM)

Mob.: 72085 25985 /
98201 29917
E-mail : hp.sabha@gmail.com
hp.sabha@hotmail.com
Visit us : www.hpsmumbai.org

हिन्दुस्तानी प्रचार सभा
ہندستانی پرچار سبھا
HINDUSTANI PRACHAR SABHA
Mahatma Gandhi Memorial Building, 7 Netaji Subhash Marg, Near Charni Road Station (W), Mumbai - 400 002

हिप्रस/निप्र/2025-26/ ....../....../2025

प्राचार्य/अधिष्ठाता
.....................
.....................
.....................

महोदय/महोदया,

**पेरीनबेन कैप्टन अखिल भारतीय हिन्दी निबंध प्रतियोगिता**

महात्मा गाँधी द्वारा सन् 1942 में स्थापित हिन्दुस्तानी प्रचार सभा द्वारा महाविद्यालय/विश्वविद्यालय/तकनीकी व प्रबंधकीय संस्थान/कॉलेज में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए **पेरीनबेन कैप्टन अखिल भारतीय हिन्दी निबंध प्रतियोगिता** का आयोजन किया जा रहा है। जिसका विषय निम्नलिखित है–

**विषय : क्या भारत कभी विकसित देश बनेगा या हमेशा विकासशील देश ही रहेगा ?**

विजेता प्रतिभागियों को निम्नलिखित पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे :–

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | : रु. 25,000/- |
| द्वितीय पुरस्कार | : रु. 20,000/- |
| तृतीय पुरस्कार | : रु. 15,000/- |
| सांत्वना पुरस्कार (22) | : रु. 3,000/- (प्रत्येक) |

प्रविष्टियाँ देवनागरी लिपि हिन्दी में हस्तलिखित या टंकित रूप में 4000 से 5000 शब्दों में लिखकर प्रतियोगी के बारे में पूरी जानकारी समेत अर्थात् नाम, पता, दूरभाष नंबर व ई-मेल पता, अध्ययन का पाठ्यक्रम और कक्षा तथा महाविद्यालय/विश्वविद्यालय/संस्था के नाम तथा संस्था में पढ़ने के प्रमाण-पत्र सहित निम्नलिखित पते पर भेजी जानी चाहिए।

Scanned with OKEN Scanner

पता :
**हिन्दुस्तानी प्रचार सभा,**
महात्मा गाँधी मेमोरियल बिल्डिंग,
7, नेताजी सुभाष रोड, चर्नी रोड स्टेशन के पास,
चर्नी रोड (पश्चिम), मुंबई - 400 002,
दूरभाष : 9819498012 /9820129917
वेबसाइट : www.hpsmumbai.org
ई-मेल : hps.essay@gmail.com

प्रविष्ठियाँ भेजते समय कवर पर **'हिन्दी निबंध प्रतियोगिता'** लिखा होना आवश्यक है।

प्रविष्टियाँ डाक तथा कोरियर से भेजी जा सकती हैं। प्रविष्टियाँ प्राप्त करने की अंतिम तारीख 30 सितम्बर 2025 होगी। इसके बाद प्राप्त प्रविष्टियाँ अस्वीकृत मानी जाएँगी।

आपसे अनुरोध है कि प्रतियोगिता संबंधित जानकारी अपने संस्थान के अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक पहुँचाने की व्यवस्था करें, जिससे अधिकाधिक विद्यार्थी भाग ले सकें।

इसके साथ ही हम 4 रंगीन पोस्टर भी भेज रहे हैं। आपसे अनुरोध है कि पोस्टर को अपने महाविद्यालय/विश्वविद्यालय/संस्थान में प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करें।

हम आशा करते हैं कि आप अपने विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। नियमों का पालन न करने वाली किसी भी प्रविष्टि को अस्वीकृत करने का अधिकार हिन्दुस्तानी प्रचार सभा को होगा।

भवदीय

राकेश कुमार त्रिपाठी
परियोजना समन्वयक

फ़िरोज़ पैच
न्यासी व मानद सचिव

Scanned with OKEN Scanner